नाथ न रथ नहि तन पद त्राना केहि बिधि जितब बीर बलवाना
सौरज धीरज तेहि रथ चाका सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका
सखा धर्ममय अस रथ जाकें जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताकें
|| मानस रथयात्रा || Ram Katha 981- Kericho, Kenya || ※मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 04 | इंदौर, शुक्रवार 24 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अदाणी समूह ने हवाई सेवा शुरू करने की अटकलों को खारिज किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अदाणी एंटरप्राइजेज ने शुक्रवार को उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें उसके हवाई सेवा शुरू करने की योजना का दावा किया गया था। कंपनी ने वाणिज्यिक विमानन में प्रवेश की अटकलों को शांत करने की कोशिश की। हालिया रिपोर्टों में कहा गया था कि समूह इस पर विचार कर रहा है।




यह स्पष्टीकरण एक पहले की रिपोर्ट के बाद आया है। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि अदाणी समूह ने सरकार से एक निजीकरण-युग के नियम में बदलाव की मांग की थी। यह नियम दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों के संचालकों को निर्धारित विमानन कंपनी में 10 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी रखने से रोकता है। ऐसे बदलाव से समूह के लिए विमानन कंपनी शुरू करने की एक बड़ी नियामक बाधा दूर हो जाती। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि हवाई सेवा शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया था।

# इंदौर और विकास है एक दूसरे के पर्याय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आधुनिक तकनीक और उन्नत इंजीनियरिंग से निर्मित प्रदेश के पहले डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की एक भुजा का किया लोकार्पण

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 175 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस फ्लाईओव्हर को बताया आधुनिक तकनीक और उन्नत इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में बड़ी सौगात देते हुए मध्यप्रदेश के पहले डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की एक भुजा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लवकुश चौराहा पर 175 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित इस ब्रिज को आधुनिक तकनीक और उन्नत इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इंदौर और विकास एक दूसरे के पर्याय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास किया जा रहा है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओव्हर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इसके माध्यम से यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत, यातायात जाम में राहत तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह परियोजना विकसित इंदौर एवं विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक उपलब्धि है तथा आने वाले वर्षों में शहर की प्रगति और आधुनिक शहरी विकास की नई पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 175 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना आधुनिक अधोसंरचना विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था होना। प्रथम स्तर पर लवकुश चौराहे का सामान्य यातायात, द्वितीय स्तर पर वर्तमान फ्लाईओव्हर एवं मेट्रो रेल कॉरिडोर तथा तृतीय स्तर पर नया डबल लेयर फ्लाईओव्हर है। इससे चौराहे पर यातायात का दबाव कम होगा तथा निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रिज का अवलोकन कर इसकी सराहना भी की।

बताया गया कि इस ब्रिज का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया है। लगभग 1450 मीटर लंबाई के इस फ्लाईओव्हर के निर्माण में 22 मीटर की ऊँचाई पर 65 मीटर लंबे एवं 24 मीटर चौड़े स्पान पर दो 400-400 टन वजनी स्टील बो-स्ट्रिंग गर्डर स्थापित किए गए हैं। कुल 800 टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना को प्रदेश की महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धियों में शामिल करता है।

कार्यक्रम में बताया गया कि इस परियोजना के प्रस्तावित कार्य में स्लिप रोड़/ एट-ग्रेड रोड/सर्विस रोड को चौड़ा करना और उससे जुड़े अन्य काम शामिल है। साथ ही सड़कों, फ्लाईओवर, स्लिप/सर्विस/ एट-ग्रेड रोड और जंक्शन के लिए लाइटिंग का कार्य होना है। इसके अलावा फ्लाईओवर/ग्रीन बेल्ट की सुंदरता बढ़ाने के लिए लैंडस्केपिंग और बागवानी का कार्य शामिल है।

डबल लेयर फ्लाईओव्हर ब्रिज की एक भुजा के शुरू हो जाने के बाद अरविंदो से बाणगंगा की ओर जाने वाला यातायात प्रारंभ होगा। आगामी दिनों में इस फ्लाईओव्हर की दूसरी भुजा भी बनकर तैयार हो जायेगी, जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।


कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव , विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पेपर लीक पर मोदी बोले-

# फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाएंगे, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऐलान किया कि पेपर लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाएंगे। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम का यह ऐलान कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष के प्रदर्शन के बीच आया है। सीजेपी पिछले 34 दिन से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक 26 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। वे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं उनका इलाज चल रहा है। देश में अब तक पेपर लीक मामलों की सुनवाई सामान्य अदालतों में होती थी, इसलिए फैसला आने में कई साल लग जाते थे। अब प्रधानमंत्री ने इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है, ताकि फैसला तेजी से हो सके। भारत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। इनका गठन 11वें वित्त आयोग की सिफारिश पर किया गया था। आयोग ने देशभर में 1734 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के लिए स्पेशल फंड की अनुशंसा की थी।


## ये अराजकता की साजिश है
## ये आंदोलन छात्रों का है ही नहीं...
## ये भारत रोको मोदी रोको आंदोलन है..!




Usa china pakistan ka sath desh ko Bangladesh nepal shrilanka mat bano ye andolan students ka hai he nahi bharat roko modi roko andolan hai



पुष्पेन्द्रपुष्प
प्राइवेट डिटेक्टिव - फ्रीलांस जर्नलिस्ट
www.detectivegroup.in

जनहितार्थ प्रकाशित...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प को साकार करने की दिशा में इंदौर में नवाचार

# गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए "सुपोषण संकल्प अभियान" के तहत 1000 न्यूट्रिशन किट वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुरूप इंदौर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए 'सुपोषण संकल्प अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों के लिए 1000 न्यूट्रिशन किट का वितरण किया। यह पहल महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सहायता संस्था के सहयोग से की गई।

न्यूट्रिशन किट बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए राजगीरा के लड्डू, खोपरे का गोला, सत्तू का आटा, एक किलोग्राम खजूर, तिलपट्टी तथा अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल की गई है। प्रत्येक न्यूट्रिशन किट का मूल्य लगभग 500 रुपये है। यह किट केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित पोषण मानकों के अनुरूप तैयार की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के 6 माह से 6 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित




बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ श्रेणी में लाना है, ताकि भविष्य में जिले के बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो और कुपोषण की समस्या का प्रभावी समाधान हो सके।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुसार इंदौर जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हर बच्चा हमारा अपना है और उसके स्वास्थ्य की रक्षा करना समाज के प्रति हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। गंभीर कुपोषित बच्चों का नियमित फॉलोअप किया जाए तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार सुनिश्चित किया जाए।

सहायता संस्था के डॉ. अनिल भंडारी ने इस प्रकल्प की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार के माध्यम से गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा, सहायता संस्था के डॉ. अनिल भंडारी, विभाग के अधिकारी, मैदानी कार्यकर्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक हजार टन वजनी सुरंग खोदने वाली 100 मीटर लंबी पहली टीबीएम इंदौर पहुंची



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। अंडरग्राउंड मेट्रो की तैयारियां तेज हो गई हैं। सुरंग खोदने वाली एक हजार टन वजनी 100 मीटर लंबी पहली टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) इंदौर पहुंच गई है।

इस मशीन को एक दर्जन से ज्यादा ट्रकों में रखकर इंदौर लाया गया। मशीन असेंबल करने में करीब एक महीना लगेगा। उम्मीद है कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में टनल की खुदाई का काम शुरू हो सकेगा। कुल चार मशीनें आना हैं। यह मशीन जमीन के 20 मीटर नीचे चलते हुए सुरंग खोदेगी और पीछे तैयार टनल बनाती जाएगी। खुदाई के लिए मशीन के कई पार्ट्स थाईलैंड सहित दूसरे देशों से मंगवाए गए हैं। दरअसल, शहर में मेट्रो का अगला पड़ाव अब जमीन के नीचे है। 17.5 किलोमीटर का एलिवेटेड कॉरिडोर तैयार हो चुका है। अंडरग्राउंड कॉरिडोर के निर्माण की तैयारी तेज हो गई है। यह टीबीएम काफी वजनी है, इसे सीधे साइट पर ले जाना संभव नहीं है, इसलिए इसे उसी साइट पर असेंबल किया जाएगा। टीबीएम के अगले हिस्से में लगा विशाल कटर हेड लगातार घूमते हुए मिट्टी और चट्टानों को काटता है। खुदाई से निकला मलबा कन्वेयर सिस्टम से पीछे भेजा जाता है। इसी दौरान मशीन सुरंग की कांक्रीट लाइनिंग भी करती चलती है। यानी सुरंग खोदना, मलबा निकालना और दीवार बनाना, तीनों काम एक साथ होते हैं। अफसरों के अनुसार टीबीएम से नियंत्रित तरीके से खुदाई होती है। जमीन की हलचल और कंपन पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि ऊपर बने मकानों और इमारतों पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

गांधी नगर से एयरपोर्ट तक मेट्रो एलिवेटेड ट्रैक पर चलेगी, लेकिन इसके बाद एमजी रोड, कनाड़िया और खजराना की ओर इसका सफर जमीन के नीचे होगा। इसके लिए कुल चार टीबीएम मशीनें काम करेंगी।

मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

# दूध एवं दुग्ध उत्पादक प्रतिष्ठानों पर विशेष जांच अभियान जारी

- बिना खाद्य पंजीयन संचालित डेयरी पर की गई वैधानिक कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सतत एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेशव्यापी विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा आज राऊ क्षेत्र में डेयरी प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठानों से दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने संग्रहित किए गए तथा मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब (Food Safety on Wheels) के माध्यम से मौके पर स्पॉट टेस्टिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

पाटीदार दूध डेयरी, रंगवासा रोड, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान का वैध खाद्य पंजीयन उपलब्ध नहीं पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन है। मौके पर विक्रेता श्री सुरेश पाटीदार उपस्थित पाए गए, जिनके हस्ते मिश्रित दूध एवं पनीर के कुल 02 नमूने जांच हेतु लिए गए। बिना वैध खाद्य पंजीयन खाद्य कारोबार संचालित किए जाने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

महाशक्ति नगर स्थित अवंतिका दूध डेयरी स्वीट्स एंड नमकीन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी श्री गणेश पुरोहित उपस्थित पाए गए। परिसर में दही, पनीर, घी, मिठाई एवं नमकीन का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। प्रतिष्ठान से दूध, घी एवं पनीर के कुल 03 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

अभियान के दौरान मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब (Food Safety on Wheels) की सहायता से राऊ क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की प्रारंभिक स्पॉट टेस्टिंग की गई। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आमजन को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान, व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक भंडारण, कोल्ड चेन बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि दूध एवं दुग्ध उत्पाद शीघ्र खराब होने वाली (Highly Perishable) खाद्य श्रेणी में आते हैं, इसलिए उनका निर्धारित तापमान पर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। परिसर एवं रेफ्रिजरेशन इकाइयों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखी जाए, फूड हैंडलर्स की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मेडिकल फिटनेस सुनिश्चित की जाए, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराया जाए, स्वच्छ पेयजल का उपयोग किया जाए तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए।

आज की कार्रवाई के दौरान 03 डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 08 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला , भोपाल भेजा जा रहा है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सतगुरु मिल्क प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर श्री विकास चौधरी उपस्थित पाए गए। प्रतिष्ठान से गाय का दूध, पनीर एवं दही के कुल 03 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध तथा दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा अन्य अनियमितता की सूचना कलेक्टर हेल्पलाइन 0731-181, CM हेल्पलाइन, FoSCoS पोर्टल अथवा अन्य माध्यमों से दें, ताकि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# समान नागरिक संहिता को व्यापक जनसमर्थन

## विभिन्न धर्मों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एयरपोर्ट पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का व्यक्त किया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर समाज के विभिन्न धर्म और वर्गों में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इंदौर आगमन पर विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों तथा अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया तथा इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और समान न्याय उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामाजिक समरसता, समानता और न्याय को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समर्थन के लिए उपस्थित सभी धर्मों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज का यह विश्वास और सहयोग प्रदेश के समावेशी विकास तथा सामाजिक सौहार्द को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

इस मौके पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा आदि मौजूद थे।

# सोनम रघुवंशी फिर जेल जाएगी सुप्रीम कोर्ट से जमानत रद्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी। कोर्ट ने मेघालय पुलिस की याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुनाया।**



सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को तीन हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। यानी सोनम को फिर जेल जाना होगा। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी दिए जाने में कथित खामियों के आधार पर जमानत देकर गलती की थी। इसके साथ ही कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि मामले का ट्रायल 6 महीने के भीतर पूरा किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर तय अवधि में ट्रायल पूरा नहीं होता है तो सोनम रघुवंशी दोबारा जमानत के लिए आवेदन कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देना अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में गिरफ्तारी के आधार बताने में पूरी तरह नाकामी नहीं हुई थी। कोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारी के आधार बिल्कुल न बताना और उनमें कुछ जानकारियों का अपर्याप्त होना, दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं। इसलिए केवल तकनीकी कमी के आधार पर जमानत देना उचित नहीं था। कोर्ट ने यह भी कहा कि सोनम ने मजिस्ट्रेट के सामने गिरफ्तारी के आधार और संबंधित दस्तावेज मिलने की पुष्टि की थी। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई कमी भी हो, तब भी जांच एजेंसी जरूरत पड़ने पर दोबारा गिरफ्तारी कर सकती है।

जस्टिस एमएम सुंदरेशन और जस्टिस पीबी वरेले की बेंच ने कहा कि मेरिट के आधार पर सोनम की जमानत याचिकाएं पहले ही खारिज हो चुकी हैं और मुकदमे की सुनवाई शुरू हो गई है। ऐसे में इस चरण पर आरोपी का जमानत पर बाहर रहना ट्रायल को प्रभावित कर सकता है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने हाईकोर्ट का जमानत आदेश रद्द करते हुए सोनम को तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। इस मामले में मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा।

# निगम की महिला वार्ड प्रभारी रंगेहाथ पकड़ाई

## पिता की मृत्यु के बाद परेशान बेटे से मांगी रिश्वत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। लोकायुक्त संभाग इंदौर की टीम ने एक सफल ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई भंवरकुआं स्थित डीडी गार्डन के पीछे की गली में की गई।**



शिकायतकर्ता आशीष चौधरी ने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसके पिता की मृत्यु के बाद संबल योजना के तहत 2 लाख रुपये की स्वीकृत राशि दिलाने के बदले में नगर निगम इंदौर के जोन क्रमांक 13 की वार्ड प्रभारी मास्टर कर्मी संध्या पथरोड (पति संदीप पथरोड, उम्र 40 वर्ष) और वार्ड प्रभारी सहायक हरभजन सिंह सलूजा द्वारा 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा 15 हजार रुपये तीन किस्तों में लेना तय हुआ। इसके बाद निरीक्षक प्रतिभा तोमर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजना के तहत शिकायतकर्ता को पहली किस्त के रूप में 5 हजार रुपये देकर भेजा गया। जैसे ही आरोपी संध्या पथरोड ने शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से 5 हजार रुपये की रिश्वत राशि जब्त कर ली गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन अधिनियम 2018) और 61(2) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में निरीक्षक प्रतिभा तोमर, आरक्षक राकेश मिश्रा, शैलेंद्र सिंह बघेल, मनीष माथुर, आशीष नायडू, आदित्य सिंह भदोरिया और सतीश यादव शामिल थे। लोकायुक्त संगठन की ओर से आम जनता से अपील की गई है कि यदि इंदौर में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी काम के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत लोकायुक्त कार्यालय के नंबर 0731-2533160 या 0731-2430100 पर संपर्क करें।

### बाइक-कार की टक्कर के बाद विवाद

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में बाइक और कार की टक्कर के बाद मेडिकल स्टोर के बाहर जमकर विवाद हुआ। आरोपियों ने मौके पर मारपीट करने के साथ वहां से गुजर रही कार के शीशे भी तोड़ दिए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग को हिरासत में लिया है, जबकि उसके तीन साथियों की तलाश जारी है। एडिशनल डीसीपी (जोन-3) ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को मां शारदा मेडिकल के बाहर हुए विवाद का सीसीटीवी वीडियो मिला है। वीडियो में कुछ युवक विवाद करते हुए कार के कांच तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद बाइक और कार की टक्कर के बाद शुरू हुआ था। .

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

●जनजातीय युवाओं की प्रतिभा, लोक कलाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तैयार की जाएंगी विशेष योजनाएँ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आलीराजपुर जिले को हर क्षेत्र में बनाया जाएगा नंबर वन

# झाबुआ-आलीराजपुर में भी होगी कैबिनेट

● जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक खेती, स्थानीय उत्पादों और ग्रामीण नवाचार को देंगे बढ़ावा

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स से किया संवाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अमर शहीद महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली ने मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उनकी 120वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद नगर आना गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं, भाषा-बोली, कला, प्राकृतिक खेती व संपदा और वनोपज के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा स्थानीय कला और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर जिले को हर क्षेत्र में नंबर वन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती पर चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आलीराजपुर, बड़वानी, धार, झाबुआ, रतलाम सहित विभिन्न जिलों से आए कृषि, जनजातीय संस्कृति, ग्रामीण विकास और सामाजिक विषयों पर कार्य कर रहे युवा सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने, सकारात्मक बदलाव लाने और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने इन्फ्लूएंसर्स से कृषि, प्राकृतिक खेती, जनजातीय संस्कृति, पर्यटन, स्थानीय उत्पादों और ग्रामीण नवाचार जैसे विषयों पर प्रभावी डिजिटल सामग्री तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश की सकारात्मक छवि, किसानों की सफलता की कहानियां, जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा स्थानीय उत्पादों को देश-दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में इन्फ्लूएंसर श्री चंद्रभान सिंह भदौरिया ने वनोपज की बेहतर विपणन व्यवस्था करने की बात कही। श्री कादुसिंह सिंह ने उड़द फसल को जीआई टैग दिलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उड़द प्रदेश की प्रमुख फसलों में शामिल है और इसकी गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार किसानों को प्रति क्विंटल 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उड़द को जीआई टैग दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज का पारंपरिक भगोरिया उत्सव मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर है। राज्य सरकार इसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है ताकि जनजातीय संस्कृति का गौरव पूरे विश्व तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराएं और लोक कलाएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं तथा इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रश्न पर सुश्री प्रियंका तोमर से कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए लाड़ली बहना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी अनेक योजनाएँ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति नारी सम्मान की संस्कृति है। हमारा देश 'भारत माता की जय' का उद्घोष करने वाला विश्व का अनूठा राष्ट्र है। माँ सीता, माता पार्वती, देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती और माँ जगदंबा हमारी संस्कृति की प्रेरणा हैं। प्रदेश सरकार भी महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा प्रत्येक माह लाड़ली बहनों को सम्मानपूर्वक आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कैबिनेट में यूसीसी को मंजूरी दी गई है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी महिलाओं पर समर्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री तुषार पालीवाल के जनजातीय क्षेत्रों में कैबिनेट आयोजित करने संबंधी प्रश्न पर कहा कि प्रदेश में जनजाति सहित सभी क्षेत्रों में कैबिनेट आयोजित की जाएगी और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने सहित स्थानीय स्तर के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास की मुख्य धारा में प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक वर्ग की समान भागीदारी सुनिश्चित करना है।

संवाद कार्यक्रम में श्री राजेंद्र बासुनिया ने जनजातीय संस्कृति पर आधारित गीत प्रस्तुत किया, जिसकी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजातीय युवाओं की प्रतिभा, लोककलाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष योजनाएँ तैयार की जाएंगी।

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर श्री आशीष पांडे ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आकर्षक पोर्ट्रेट तथा सुश्री साक्षी भयड़िया ने पिथौरा कला पर आधारित सुंदर पेंटिंग भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन उपहारों की सराहना करते हुए स्थानीय कला के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पिथौरा जैसी पारंपरिक जनजातीय कला को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स श्री राजेंद्र बासुनिया, सुश्री प्रियंका तोमर, सुश्री साक्षी भयड़िया, श्री भरत सस्तिया एवं श्री रितेश राठौड़ को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम संवाद में मुख्यमंत्री ने सभी सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के साथ समूह छायाचित्र भी खिंचवाया और उनसे आह्वान किया कि वे राज्य शासन की जनकल्याणकारी एवं किसान हितैषी योजनाओं पर आधारित प्रभावी रील्स, वीडियो और डिजिटल सामग्री तैयार करें ताकि अधिक से अधिक किसानों, युवाओं और आम नागरिकों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचे और वे उनका अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि युवा इन्फ्लूएंसर्स समाज में सकारात्मक परिवर्तन के प्रभावी वाहक बन सकते हैं और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

---

**मध्य प्रदेश पुलिस में बंपर भर्ती!**

# 9,662 पदों पर सरकार की मंजूरी जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में 9,662 पदों पर भर्ती को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद गृह विभाग ने गुरुवार को चार अलग-अलग आदेश जारी कर विभिन्न श्रेणियों के पदों पर सीधी भर्ती के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने तीन दिन पहले पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में रिक्त पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए थे। उन्होंने हाल ही में पुलिस विभाग में करीब 25 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों की पदोन्नति होने पर संतोष जताते हुए कहा था कि भर्ती और पदोन्नति की प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति की प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदोन्नति से शेष अधिकारियों, कर्मचारियों को चक्रीय क्रम में पदोन्नत करने के आदेश भी सितंबर माह में जारी करने के निर्देश




दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस में 18 हजार पद भरे जाने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में स्वीकृत 9662 पदों के अलावा शेष आदेश भी शीघ्र जारी किए जा रहे हैं।

**किन पदों पर होगी भर्ती-** गृह विभाग के आदेश के अनुसार भर्ती के लिए स्वीकृत पदों में शामिल हैं। इसमें आरक्षक (जीडी) – 7,500 पद, आरक्षक (चालक) – 1,000 पद, सूबेदार (आशुलिपिक) – 135 पद, सहायक उपनिरीक्षक (आशुलिपिक) – 520 पद, सूबेदार – 81 पद, उपनिरीक्षक (जिला पुलिस बल) – 312 पद, उपनिरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) – 69 पद, उपनिरीक्षक (क्यूडी) – 4 पद, उपनिरीक्षक (अंगुल चिन्ह) – 22 पद, उपनिरीक्षक (आयुध) – 10 पद, उपनिरीक्षक (फोटो) – 9 पद शामिल है।

### 18 हजार पद भरने का लक्ष्य

प्रदेश में कुल 18 हजार पुलिस पदों पर भर्ती की जाएगी। फिलहाल 9,662 पदों को मंजूरी दी गई है, जबकि शेष पदों के लिए भी जल्द आदेश जारी करने की बातक कहीं जा रही है। पिछले वर्ष 8,500 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई थी और इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है। सरकार का लक्ष्य मध्य प्रदेश पुलिस को देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस बनाना है।

---

# 3 अगस्त को महाकाल की पहली सवारी

**अधिकारी मार्ग देखने पहुंचे**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। आगामी 3 अगस्त को निकलने वाली राजाधिराज बाबा महाकाल की प्रथम सवारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। सवारी मार्ग पर चल रहे निर्माण और सड़क चौड़ीकरण कार्यों को समय पर पूरा कराने के लिए संभाग और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को पूरे रूट का निरीक्षण किया।

कमिश्नर-कलेक्टर सहित अधिकारियों ने संबंधित विभागों और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पहली सवारी से पहले (30 जुलाई तक) हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

अधिकारियों के दल ने रामघाट, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, महाकाल चौराहा और श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर सहित पूरे सवारी मार्ग का जमीनी निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जहां-जहां चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्य चल रहे हैं, वहां उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# संपादकीय

## फास्ट ट्रैक कोर्ट से जगेगी युवाओं में उम्मीद

नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं का हित और उनका उज्ज्वल भविष्य मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भी है और संकल्प भी। अमित शाह ने X पर कहा, 'युवाओं का हित और उनका उज्ज्वल भविष्य मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भी है और संकल्प भी। प्रधानमंत्री द्वारा फास्ट ट्रैक कोर्ट्स के गठन से पेपर लीक के मामलों में दोषियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई और कठोर कार्रवाई का निर्णय इसी का प्रतिबिंब है। पेपर लीक के कारण युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध प्रधानमंत्री मोदी का यह महत्वपूर्ण कदम मील का पत्थर साबित होगा।' पीएम मोदी ने गुरुवार सुबह पेपर लीक के सभी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा की। पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर पोस्ट किया, 'देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने और केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।' पीएम मोदी ने पोस्ट में आगे लिखा, 'इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं कि संबंधित विभाग जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें।' उन्होंने फैसले को छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए सरकार की ओर से लिए जा रहे निर्णयों की श्रृंखला में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।' इससे पहले, पीएम मोदी ने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा सिर्फ किसी एक राज्य या केंद्र सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश की चिंता का विषय है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एनडीए के 'मंगल मिलन' कार्यक्रम के बाद बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि पेपर लीक जैसे गंभीर अपराध में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए देश के वरिष्ठ वकीलों को भी आगे आना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे अपराध करने वालों के मन में कानून का डर पैदा हो। रिजिजू के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता छात्रों का भविष्य सुरक्षित रखना है। इसी वजह से नीट की दोबारा परीक्षा जल्द कराई गई और उसका परिणाम भी बिना किसी देरी के घोषित किया गया, ताकि छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित न हो।

महिला जगत

# ऑफिस से लेकर फेस्टिवल तक, हर मौके के लिए परफेक्ट हैं ये 8 ट्रेंडी कुर्ती डिजाइन्स



कुर्ती भारतीय महिलाओं के वॉर्डरोब का एक ऐसा आउटफिट है, जो हर मौसम और हर मौके पर परफेक्ट लगता है। खासकर मानसून के मौसम में कुर्ती आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी देती है। चाहे ऑफिस जाना हो, कॉलेज, शादी, फेस्टिवल या दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाना हो, सही डिजाइन की कुर्ती आपके पूरे लुक को आकर्षक बना सकती है। अगर आप भी इस सीजन अपने फैशन स्टाइल में कुछ नया जोड़ना चाहती हैं, तो ए-लाइन, अनारकली, स्ट्रेट कट, हाई-लो समेत ये 8 ट्रेंडी कुर्ती डिजाइन्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये कुर्तियां न सिर्फ फैशन में हैं, बल्कि पहनने में भी बेहद आरामदायक हैं।

### ए-लाइन कुर्ती

ए-लाइन कुर्ती इस समय सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले डिजाइन्स में से एक है। इसका डिजाइन ऊपर से फिट और नीचे की तरफ हल्का फ्लेयर्ड होता है, जो पहनने वाले को खूबसूरत और एलिगेंट लुक देता है। यह लगभग हर बॉडी टाइप पर अच्छी लगती है। ए-लाइन कुर्ती को ऑफिस, कॉलेज, कैजुअल आउटिंग या छोटे फंक्शन में आसानी से पहना जा सकता है। इसे लेगिंग, पैंट या पलाजो के साथ स्टाइल करके मॉडर्न लुक पाया जा सकता है।

### अनारकली कुर्ती

अगर आपको रॉयल और ट्रेडिशनल लुक पसंद है तो अनारकली कुर्ती आपके लिए परफेक्ट चॉइस है। इसका घेरदार डिजाइन खूबसूरत और शाही अंदाज देता है। अनारकली कुर्ती को शादी, त्योहार, फैमिली फंक्शन और खास मौकों पर पहनकर आप शानदार लुक पा सकती हैं। इसके साथ हल्की ज्वेलरी और एथनिक फुटवियर आपके स्टाइल को और निखार सकते हैं।

### स्ट्रेट कट कुर्ती

सिंपल, सोबर और एलिगेंट लुक के लिए स्ट्रेट कट कुर्ती हमेशा ट्रेंड में रहती है। इसका सीधा डिजाइन आपको प्रोफेशनल और स्मार्ट लुक देता है। इसे ऑफिस वियर के लिए पैंट, सिगरेट पैंट या पलाजो के साथ पहना जा सकता है। कम एक्सेसरीज के साथ भी यह कुर्ती काफी स्टाइलिश दिखाई देती है।

### हाई-लो कुर्ती

हाई-लो कुर्ती मॉडर्न और फैशनेबल लुक पसंद करने वाली लड़कियों के बीच काफी लोकप्रिय है। इसमें आगे का हिस्सा छोटा और पीछे का हिस्सा लंबा होता है, जो इसे एक अलग स्टाइल देता है। यह कुर्ती कॉलेज, दोस्तों के साथ आउटिंग और कैजुअल डे आउट के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसे जींस या ट्राउजर के साथ पहनकर इंडो-वेस्टर्न लुक पाया जा सकता है।

### अंगरखा स्टाइल कुर्ती

अंगरखा स्टाइल कुर्ती अपने क्रॉस-ओवर पैटर्न और डोरी वाले डिजाइन के लिए जानी जाती है। यह पारंपरिक और मॉडर्न फैशन का खूबसूरत मेल है। इस डिजाइन की कुर्ती पहनने से आपका लुक बाकी सबसे अलग नजर आता है। इसे फेस्टिवल, पूजा या छोटे समारोहों में पहना जा सकता है।

### फ्रंट स्लिट कुर्ती

फ्रंट स्लिट कुर्ती इन दिनों काफी ट्रेंड में है। इसमें आगे की तरफ स्लिट डिजाइन होता है, जो इसे स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक देता है। इसे ट्राउजर, जींस या सिगरेट पैंट के साथ पहनकर आप स्मार्ट और फैशनेबल नजर आ सकती हैं। यह डिजाइन खासकर युवाओं के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

### शर्ट स्टाइल कुर्ती

शर्ट कॉलर और बटन वाले डिजाइन की शर्ट स्टाइल कुर्ती ऑफिस और प्रोफेशनल लुक के लिए बेहतरीन विकल्प है। यह कुर्ती आपको आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश और क्लासी लुक देती है। इसे पैंट या ट्राउजर के साथ पहनकर परफेक्ट ऑफिस आउटफिट तैयार किया जा सकता है।

### फ्लेयर्ड कुर्ती

फ्लेयर्ड कुर्ती अपने खूबसूरत घेर के कारण बेहद आकर्षक लगती है। इसका डिजाइन पहनने वाले को फेमिनिन और ग्रेसफुल लुक देता है। इसे हल्की ज्वेलरी, दुपट्टे और एथनिक फुटवियर के साथ पहनकर किसी भी खास मौके पर शानदार लुक पाया जा सकता है।

कुर्ती एक ऐसा आउटफिट है जो आराम और स्टाइल दोनों का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। इस सीजन अगर आप अपने वॉर्डरोब में कुछ नया शामिल करना चाहती हैं, तो इन 8 ट्रेंडी कुर्ती डिजाइन्स को जरूर ट्राई करें। सही डिजाइन और स्टाइलिंग के साथ आप हर मौके पर खूबसूरत और फैशनेबल नजर आ सकती हैं।

New Delhi

# गुजरात से जम्मू-कश्मीर-उत्तर प्रदेश तक मौसम का रेड अलर्ट, भारी बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई हिस्सों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने गुजरात, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. विभाग के मुताबिक, अगले दो से तीन घंटों के दौरान कई इलाकों में तेज बारिश, गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है.

IMD ने गुजरात के अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, बनासकांठा, भरूच, भावनगर, बोटाद, गांधीनगर, कच्छ, खेड़ा, महेसाणा, पंचमहल, पाटन, साबरकांठा, सुरेंद्रनगर और वडोदरा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. इन जिलों



में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है.

मौसम विभाग ने यह अलर्ट 7.46 बजे जारी किया है और 10.46 बजे तक, तीन घंटे के लिए वैलिड होंगी. गुजरात के अरावली, छोटा उदयपुर, दाहोद, डांग, देवभूमि द्वारका, गिर सोमनाथ, जामनगर, जूनागढ़, मोरबी, नर्मदा, नवसारी, पोरबंदर, राजकोट, सूरत, तापी, वलसाड समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. उत्तर प्रदेश में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव में भी गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है.

Uttarpradesh

राम मंदिर दान चोरी

## एसबीआई पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी, गोविंद देव को मिला यह अधिकार



**अयोध्या, (एजेंसी)** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक दिन पूर्व हुई बैठक में रामलला के चढ़ावे के धनराशि की गणना को लेकर भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआई) के साथ ट्रस्ट के अनुबंध पर पुनर्विचार किया जा रहा है। ट्रस्ट ने सर्व सम्मति से यह जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष महंत गोविंद देव गिरि को सौंपी है। यह भी कहा गया कि वित्त समिति बैंक के साथ सम्बन्धों और मानक प्रक्रियाओं पर पुनर्विचार कर समुचित निर्णय ले। ट्रस्टियों ने एसओपी के अन्तर्गत बैंक के दायित्वों और उसके अनुपालन में बैंक की त्रुटियों पर समग्र रूप से चर्चा की । इसके साथ अनियमितताओं के प्रकाश में आने के बाद फैंकी प्रतिक्रिया और गंभीरता के अभाव को देखते हुए सभी ट्रस्टियों ने निराशा भी जताई। बैठक में चढ़ावा चोरी की घटना पर ट्रस्टियों ने विचार करते हुए बैंक प्रबंधन पर ठीकरा फोड़ दिया लेकिन एसओपी के अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जिम्मेदार ट्रस्ट के पक्ष को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। वह भी तब जबकि राम मंदिर में पुजारियों पर नजर रखने और उनके द्वारा किसी भी दर्शनार्थी को प्रसाद अथवा चरणामृत देने तक पर ट्रस्टियों ने प्रतिबंध ही नहीं लगाया बल्कि उन पर अंकुश के लिए नये नियम भी भितरिया व बाहरिया का बनाया गया और कड़ाई से इस व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने का जिम्मा सेना के अवकाश प्राप्त पूर्व सैनिक के रूप में तैनात धर्मगुरुओं को सौंपा गया।

Rajasthan

## हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग...नर्स ने बुजुर्ग डॉक्टर से ऐंठे 2 करोड़

**बाड़मेर, (एजेंसी)** राजस्थान के बाड़मेड़ से हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग की ऐसा हैरान करने वाली कहानी सामने आई जिस पर यकीन करना मुश्किल है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि राजस्थान के बाड़मेर में एक नर्स को गिरफ़्तार किया गया है। नर्स पर आरोप है कि उसने एक प्राइवेट हॉस्पिटल के 65 साल के डॉक्टर को ब्लैकमेल किया और कई सालों तक उनसे लगभग दो करोड़ रुपये ऐंठे। महिला नर्स ने डॉक्टर को उनकी प्राइवेट तस्वीरें लीक करने, रेप के झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी महिला की पहचान कमला उर्फ़ कमलेश के तौर पर हुई है। डॉक्टर की शिकायत के बाद उसे गिरफ़्तार किया गया है। डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि महिला लगातार उन्हें ब्लैकमेल और डरा-धमका रही थी। शिकायत के अनुसार, कमलेश दिसंबर 2016 से डॉक्टर के प्राइवेट अस्पताल में नर्स के तौर पर काम कर रही थी और ज़्यादातर नाइट शिफ्ट में काम करती थी। डॉक्टर का दावा है कि उसने चाय बनाने के बहाने धीरे-धीरे डॉक्टर के पर्सनल कमरे में आना-जाना शुरू कर दिया और चुपके से उनकी प्राइवेट तस्वीरें खींच लीं। उन्होंने दावा किया कि बाद में इन तस्वीरों का इस्तेमाल करके उनसे जबरन वसूली की गई।

Chhattisgarh

## दूसरी जाति में शादी करने पर एडवोकेट कपल को समाज ने ठुकराया

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में एक एडवोकेट कपल का सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है। दोनों ने दावा किया है कि करीब एक साल से उन्हें शादियों और अंतिम संस्कार में शामिल होने से रोका जा रहा है। साथ ही समाज के लोगों से मिलने भी नहीं दिया जाता है। समाज ने शादी के लिए 35000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही एक हजार लोगों को दावत देने के लिए मजबूर किया है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ स्थित उनके गांव में उन्हें स्वीकार नहीं किया जा रहा है। कपल खैरागढ़ के देओरी गांव का रहने वाला है। दोनों ने अब पुलिस से संपर्क किया है। खुद को कम्युनिटी का नेता बताने वाले कुछ लोगों पर गैर-कानूनी तरीके से सोशल बॉयकॉट लागू करने का आरोप



लगाया है। वकील नेमीचंद वर्मा ने सितंबर 2025 में साथी वकील प्रमिला सोनकर से शादी की थी। नेमीचंद लोधी कम्युनिटी से हैं और उनकी पत्नी प्रमिला दूसरी जाति से हैं। कपल ने आरोप लगाया कि शादी के तुरंत बाद लोधी कम्युनिटी के नेताओं ने उनके परिवार का हुक्का-पानी बंद घोषित कर दिया।

खेल

# भारत ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट से रौंदा, वैभव बने जीत के हीरो, सीरीज में 1-0 की बढ़त

**हरारे, (एजेंसी)** भारत ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर टी20 सीरीज का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया है. 126 रनों का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने महज 13.2 ओवर में जीत हासिल कर ली. भारत को वैभव सूर्यवंशी ने जोरदार शुरुआत दी. वैभव की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने आसानी से इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज में बढ़त बना ली है. दोनों देशों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला अब 25 जुलाई यानी शनिवार को खेला जाएगा.

भारत को वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दिलाई. लेकिन अभिषेक शर्मा महज एक रन बनाकर आउट हो गए. वैभव ने 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गए. ईशान किशन 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 24 गेंदों में



35 रन बनाकर पवेलियन लौटे.

जिम्बाब्वे ने भारत को 126 रनों का लक्ष्य दिया था. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने वेस्ले मधेवेरे की 39 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन बनाए. भारत के लिए मयंक यादव और प्रिंस यादव ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट झटकने में सफलता हासिल की. शिवम दुबे और रवि बिश्नोई भी एक-एक विकेट अपने नाम करने में सफल रहे..

श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. भारत की तरफ से अशोक शर्मा इस मैच में अपना डेब्यू किया. पहले ही ओवर की पहली गेंद पर मयंक यादव ने ब्रायन बेनेट को ईशान किशन के हाथों कैच आउट कराया. भारत को दूसरी सफलता प्रिंस यादव ने दिलाई.

प्रिंस यादव की गेंद पर 8 गेंदों में 10 रन बनाकर बेन करन प्रिंस यादव की गेंद पर वैभव सूर्यवंशी को कैच थमा बैठे. भारतीय टीम को तीसरा विकेट एक बार फिर मयंक यादव ने दिलाने में सफलता हासिल की. डायोन मायर्स बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शिवम दुबे के हाथों में गेंद मार बैठे. वह 14 गेंदों में महज 6 रन ही बना सके.

कप्तान सिकंदर रजा भी पहले टी-20 मैच में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके. सिर्फ 4 रन बनाकर वह शिवम दुबे का शिकार बने. रवि बिश्नोई ने भारतीय टीम को पांचवीं सफलता दिलाई. रयान बर्ल बिश्नोई की जाल में फंस गए और बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में कैच आउट हो गए. बाउंड्री लाइन के पास तिलक वर्मा ने रयान का एक बेहतरीन कैच पकड़ा. वह 35 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए.

सिनेमा

## TV इंडस्ट्री में धड़ल्ले से होती है ड्रग्स की पार्टी! नारायणी शास्त्री का शॉकिंग दावा, कबूला- मैंने लिया है कोकीन



टीवी की दुनिया में अपनी दमदार पहचान बना चुकीं नारायणी शास्त्री ने इंडस्ट्री को लेकर ऐसा खुलासा किया है, जिसने हर किसी को चौंका दिया. 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', 'पिया का घर', 'कुसुम' और 'कोई अपना सा' जैसे शोज में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस का दावा है कि टीवी इंडस्ट्री में कई कलाकार ड्रग्स लेते हैं. इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी माना कि उन्होंने भी जिंदगी में ड्रग्स ट्राई किए थे, लेकिन सिर्फ एक्सपेरिमेंट के तौर पर. सिद्धार्थ कन्नन के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान नारायणी ने कहा कि पहले इंडस्ट्री की पार्टियों में शराब के लिए बजट तय होता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं. उन्होंने कहा- पहले पार्टियों में शराब का बजट होता था, अब ड्रग्स का बजट होता है. जब मैंने यह देखा तो मैं हैरान रह गई. इसी वजह से मैंने कई साल पहले पार्टियों में जाना छोड़ दिया. अब वहां डांस या मस्ती नहीं होती, बल्कि कुछ और ही चलता है. नारायणी ने बताया कि छोटी-छोटी प्राइवेट गैदरिंग्स में हर किसी को पता होता है कि कौन क्या कर रहा है. उन्होंने कहा- मैं उन लोगों को पर्सनली नहीं जानती जो ड्रग्स लेते हैं, लेकिन मैंने अपनी आंखों से लोगों को ड्रग्स करते देखा है. जब उनसे पूछा गया कि आखिर कौन-कौन से ड्रग्स इस्तेमाल होते हैं, तो उन्होंने बिना झिझक जवाब दिया- कोकीन और MDMA. नारायणी ने यह भी कबूल किया कि उन्होंने भी जिंदगी में हर चीज सिर्फ यह जानने के लिए ट्राई की कि उसका असर क्या होता है. उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में बहुत-सी चीजें ट्राई की हैं, लेकिन सिर्फ एक्सपेरिमेंट के तौर पर. मैं जानना चाहती थी कि किसी चीज का असर कैसा होता है.

## Highlights

1. Govt changes Education Secretary amid protests over NEET paper leak
2. Union ministers to hold talks with CJP at 12.30 pm on Friday: Report
3. PM Modi shares late-night selfie video, promises stricter action against paper leaks on Friday
4. Sonam Wangchuk ends hunger strike after 26 days
5. 17 Delhi Metro stations to remain closed from 7.30 am on July 24 amid CJP protest
6. Manushi Chhillar recalls giving NEET exam twice due to paper leak in 2015 amid protests
7. HC rules out minimum gap between 2 pregnancies for maternity leave
8. Centre approves 6-month extension for West Bengal Chief Secretary

# Motorola Edge 70 Max is polished for gamers, photographers and everyone else



**NEW DELHI, (Agency).** There is something to be said about Motorola, which at this moment, has the confidence to sell two very distinct flagship Android phones. When many rivals can barely get one right, let alone put together a range that actually works. The Motorola Edge 70 Max joins the Motorola Signature, both identical in many ways, but the Edge 70 Max focuses more on raw performance and the gaming aspect, whereas the Signature is more oriented towards successfully answering lifestyle questions. Mission accomplished, in my book, for Motorola. It'd be wrong to call the Edge 70 max a flagship killer instead.

There are two variants of the Edge 70 Max that will be on sale here. There's the Edge 70 Max with 8GB memory and 256GB storage, that's priced at ₹54,999 while the 12GB + 256GB option is definitely good value at ₹59,999. The competition landscape includes the OnePlus 15R, the Xiaomi 17T and to an extent, the Google Pixel 10a. More so than the additional memory headroom, another reason why I'd recommend the more expensive 12+256GB variant at this time is the Motorola Qira artificial intelligence (AI) assistant that can serve to do more than a typical chatbot and instead connect between your phone, PC or tablet, is only available on this variant. The one we're reviewing, the 8+256GB spec, doesn't have support for the Qira at this time. Motorola does say that'll come at a later date, but your guess is as good as mine. That is a bit of a stumble, because the Edge 70 max does not have the familiar Moto AI suite instead. At this time, there is a lot of system embedded AI, such as defining the amount of virtual memory, but the chatbot-esque or photo editing experiences remain defined by Google Gemini. That segregation based on memory should have happened with a phone that costs as much as the Edge 70 Max does. The subtle intention to push the higher cost and higher spec variant, is noticed, but the methodology could've been better. The Motorola Edge 70 Max's legacy will also be underlined by the Qualcomm Snapdragon 8 Gen 5 flagship chip. This tackles three generational improvements — on-device AI compute improvements, a significant improvement in general performance, as well as power efficiency. Performance leaves absolutely nothing to complain about, as you'd expect from a serious Android flagship. It is perhaps the battery stamina that you'd most appreciate — the mammoth 7,200mAh (this size is becoming par for course in phones, as compositions evolve and refine) can last 2 days of heavy usage as a primary phone on a single charge and even more if you're more judicious. The Edge 70 Max's really impressive battery stamina is complimented by the really fast 90-watt wired charging, as well as 25-watt Qi2.2 wireless charging.

# रहवासी इलाके में बन रहे हॉस्टल पर निगम की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आवासीय मकानों को व्यावसायिक उपयोग में बदलने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को खातीवाला टैंक क्षेत्र में रेसिडेंशियल अनुमति लेकर बने कमर्शियल हॉस्टल के अवैध निर्माण को नगर निगम ने तोड़ दिया। जांच में 12 से 13 कमरों का हॉस्टल बनाए जाने के साथ ही फ्रंट, साइड, बैक और फुटपाथ पर भी अवैध निर्माण मिलने के बाद निगम की रिमूवल टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम ने ये कार्रवाई जोन -12 गुरु गोविंद सिंह जी गार्डन के पास 218 खातीवाला टैंक में की। बिल्डिंग ऑफिसर राहुल रघुवंशी के मुताबिक



खातीवाला टैंक इलाके में बिल्डिंग कि रेसिडेंशियल परमिशन के विपरीत हॉस्टल बनाया जा रहा था। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बिल्डिंग ऑफिसर को जांच करने के लिए कहा था, जब इस बिल्डिंग की जांच की तो मामले के खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि 218 खातीवाला टैंक पर 12 से 13 कमरे का हॉस्टल बनाया जा रहा है, साथ ही हॉस्टल के फ्रंट, साइड, बैक और फुटपाथ पर भी अवैध रूप से निर्माण किया गया है। नगर निगम का अमला दल-बल और जेसीबी-पोकलेन मशीनों के साथ खातीवाला टैंक पहुंचा। यहां सावधानी बरतते हुए कार्रवाई की पहले जानकारी दी, साथ ही आवाजाही भी रोकी। नगर निगम के रिमूवल विभाग ने हॉस्टल के फ्रंट, साइड, एमओएस और फुटपाथ पर किए गए अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। नगर निगम रिमूवल विभाग द्वारा जोन क्रमांक 12 अंतर्गत हॉस्टल के फ्रंट एवं साइड एमओएस तथा फुटपाथ पर किए गए अवैध हिस्से को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी, बिल्डिंग इंस्पेक्टर अनुभूति मडावी और रिमूवल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# खिलौना कारोबारी निकला ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी रानीपुरा इलाके में खिलौनों का कारोबार करता है।**

इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच ने पूर्व में आरोपी आसिम खान को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 20.30 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। साथ ही उसकी दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया था। पूछताछ में आवेश (30) पिता फिरोज कुरैशी, निवासी रानीपुरा और गुलराज कॉलोनी का नाम सामने आया। जांच में उसकी भी मामले में भूमिका सामने आई। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अब उससे एमडी ड्रग्स के सोर्स, सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## बिजली कंपनी के एसीई के पास 17.12 करोड़ की संपत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के एडिशनल चीफ इंजीनियर (ACE) शिवराम सेमिल की आय से अधिक संपत्ति मामले में नए खुलासे हो रहे हैं। लोकायुक्त पुलिस की जांच में अब तक सेमिल और उनके परिवार की चल-अचल संपत्तियों का आंकड़ा बढ़कर 17.12 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। लोकायुक्त जांच कर रही है कि 33 साल की सरकारी सेवा के दौरान इतनी संपत्ति कैसे अर्जित की गई। उन्हें वर्तमान पद से हटाने के लिए ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनी को पत्र भी भेजा गया है। लोकायुक्त की जांच में सेमिल और उनके परिवार से जुड़े 25 बैंक खातों का पता चला है। इनमें एसबीआई और आईडीबीआई बैंक के खाते शामिल हैं। खाते शिवराम सेमिल, उनकी पत्नी रामबेटी, बेटा सौरभ, बहू सुनीता और उनसे जुड़ी फर्मों के नाम पर संचालित पाए गए हैं। जांच में शुभम इलेक्ट्रिकल और कॉर्निश पावरजोन से जुड़े छह बैंक खाते भी सामने आए हैं। इन खातों में कुल 62.89 लाख रुपए जमा मिले हैं। इसके अलावा सौरभ सेमिल के नाम एफडी की भी जानकारी मिली है। जांच के दौरान मुरैना स्थित संपत्तियों की भी जानकारी सामने आई है। यहां एक मकान मिला है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है। मकान में रखे घरेलू सामान की कीमत लगभग 7.51 लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा मुरैना में 20×40 फीट का प्लॉट और करीब सवा बीघा कृषि भूमि होने की जानकारी भी मिली है। इन संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज पंजीयन विभाग से जुटाए जा रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक